दिन– सोमवार दिनांक– 16 / 03 / 2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से। अवधिः– 15 मिनट

---

01. बिहार से राज्यसभा की पांच सीटों के लिए अब से थोड़ी देर बाद शुरू होगा मतदान। पांचवीं सीट को लेकर कांटे की टक्कर।

02. केन्द्र सरकार ने कहा– देश में पेट्रोल, डीजल और एलपीजी की कोई कमी नहीं है। एलपीजी बुकिंग में आई गिरावट।

03. उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने हड़ताली अंचलाधिकारियों और राजस्व अधिकारियों को चौबीस घंटे के अंदर काम पर वापस लौटने की चेतावनी दी।

04. और, मौसम विभाग ने एक सप्ताह तक प्रदेश के अधिकतर हिस्सों में आंधी, बारिश, वज्रपात और ओलावृष्टि का जारी किया अलर्ट।

————————————————————————————

बिहार से राज्यसभा की पांच सीटों के लिए अब से थोड़ी देर बाद नौ बजे से मतदान शुरू होगा। विधानसभा परिसर में मतदान शाम चार बजे तक चलेगा और शाम पांच बजे से ही मतों की गिनती शुरू हो जायेगी। हमारे संवाददाता ने बताया कि बिहार विधानसभा में सदस्यों की संख्या के मुताबिक हर सीट पर जीत के लिए इकतालीस विधायकों का मत चाहिए। संख्या बल के हिसाब से चार सीटों पर एनडीए की जीत पक्की मानी जा रही है। वहीं, पांचवीं सीट के लिए मुकाबला काफी रोचक है।

———साउंड बाईट———

राजद प्रत्याशी को असदुद्दीन ओवैसी की पार्टी, एआईएमआईएम के समर्थन से चुनाव का दिलचस्प हो गया है। चार सीटों पर जहां एनडीए की जीत तय है। वहीं, पांचवीं सीट पर एनडीए को जीत के लिए 3 विधायकों की क्रास वोटिंग का इंतजार रहेगा। दूसरी तरफ राजद प्रत्याशी को 6 और वोट की दरकार है। एआईएमआईएम के समर्थन की घोषणा के बाद राजद प्रत्याशी अमरेन्द्रधारी सिंह की जीत के आसार भी बढ़ गए हैं। यदि राजद, कांग्रेस, माले, सीपीएम, आईआईपी, बसपा और एआईएमआईएम के सभी विधायक महागठबंधन के पक्ष में रहे तो राजद उम्मीदवार की जीत तय जानी जा रही है। यदि इनमें से कोई तीन विधायकों ने भी क्रास वोटिंग की तो पांचवीं सीट एनडीए की झोली में चली जाएगी। फिलहाल दोनों गठबंधन जीत का दावा कर रहे हैं। आकाशवाणी समाचार के लिए पटना से आशीष रंजन।

इधर, पांचवीं सीट पर जीत पक्की करने के लिए कल एनडीए और महागठबंधन दोनों पक्षों की मोर्चेबंदी चरम पर रही। एनडीए में जहां दिनभर बैठकों का दौर चला, वहीं महागठबंधन ने सेंधमारी से बचाने के लिए विधायकों को एक होटल में जुटा लिया है। इस बीच, देर शाम एआईएमआईएम के प्रदेश अध्यक्ष अख्तरुल ईमान ने राजद उम्मीदवार को समर्थन देने का ऐलान किया।

–––साउंड बाईट–––

राजद प्रवक्ता मृत्यंजय तिवारी ने राज्यसभा की एक सीट पर पार्टी की जीत का दावा करते हुए कहा कि एनडीए चुनाव में पूरी तरह बिखर चुका है।

–––साउंड बाइट–––

इधर, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने सभी पांचों सीट पर एनडीए उम्मीदवारों की जीत का दावा करते हुये कहा कि राजद को अपने विधायकों पर भरोसा नहीं है।

–––साउंड बाईट–––

इस बीच, जदयू के वरिष्ठ नेता और मंत्री मदन सहनी ने भी सभी एनडीए उम्मीदवारों की जीत का दावा किया है।

–––साउंड बाईट–––

गौरतलब है कि राज्यसभा चुनाव में एनडीए की ओर से जदयू अध्यक्ष और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, भाजपा अध्यक्ष नितिन नवीन, राष्ट्रीय लोक मोर्चा अध्यक्ष उपेन्द्र कुशवाहा, भाजपा के प्रदेश महामंत्री शिवेश कुमार तथा जदयू नेता और केन्द्रीय मंत्री रामनाथ ठाकुर उम्मीदवार हैं। वहीं, राजद ने निवर्तमान सांसद अमरेन्द्रधारी सिंह को अपना उम्मीदवार बनाया है।

––––––––––––––––––––––––––––––––––––––––

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन कल देर रात पटना पहुंचे। पटना एयरपोर्ट पर पार्टी के वरिष्ठ नेताओं ने उनका स्वागत किया। श्री नवीन राज्यसभा चुनाव के उम्मीदवार हैं। साथ ही वे बतौर विधायक मतदान भी करेंगे।

––––––––––––––––––––––––––––––––––––––––

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने कहा है कि देशभर में एलपीजी वितरकों के पास गैस की कोई कमी नहीं है। मंत्रालय ने बताया कि एलपीजी बुकिंग में गिरावट आई है। कल लगभग सतहत्तर लाख बुकिंग दर्ज की गईं, जबकि इस महीने की तेरह तारीख को लगभग अट्ठासी लाख बुकिंग दर्ज की गई थी। वाणिज्यिक एलपीजी सिलेंडर भी प्राथमिकता के आधार पर वितरण के लिए राज्य सरकारों को सौंप दिए गए हैं और अब उपभोक्ताओं के लिए उपलब्ध हैं। मंत्रालय ने बताया कि तेल विपणन कंपनियों द्वारा खुदरा दुकानों पर ईंधन की कमी का कोई मामला सामने नहीं आया है और पेट्रोल तथा डीजल की आपूर्ति नियमित रूप से जारी है। मंत्रालय ने लोगों को घबराहट में खरीदारी नहीं करने की सलाह दी है। इस बीच, मंत्रालय ने पीएनजी और एलपीजी गैस कनेक्शन रखने वाले परिवारों को तत्काल प्रभाव से एलपीजी कनेक्शन सरेंडर करने का निर्देश दिया है। पीएनजी कनेक्शन रखने वाले

किसी भी व्यक्ति को घरेलू एलपीजी कनेक्शन रखने या वितरकों से एलपीजी रिफिल करने की अनुमति नहीं होगी।

————————————————————————

उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने हड़ताली अंचलाधिकारियों और राजस्व अधिकारियों को चौबीस घंटे के भीतर काम पर लौटने की चेतावनी दी है। श्री सिन्हा ने कहा कि यदि वे तय समय सीमा के भीतर काम पर लौट आयेंगे, तो उनके खिलाफ किसी प्रकार की कार्रवाई नहीं की जाएगी। साथ ही उनकी दोनों हड़ताल अवधि का समायोजन कर दिया जाएगा। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि प्रशासनिक कार्यों की गति प्रभावित न हो, इसके लिए सरकार ने संवाद और समन्वय का रास्ता चुना है।

————————————————————————

राजस्व प्रशासन को आधुनिक, अधिक प्रभावी और समय सीमा में पूरा करने की दिशा में अब विशेष सर्वेक्षण और बंदोबस्त कार्यों में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का उपयोग किया जाएगा। इस संबंध में भू–अभिलेख और परिमाप निदेशालय ने राज्य के सभी बंदोबस्त पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा–निर्देश जारी किए हैं। निदेशालय की ओर से जारी पत्र के अनुसार जिलों के बंदोबस्त कार्यालयों में एआई सेल का गठन किया जाएगा, जो विशेष सर्वेक्षण और बंदोबस्त कार्यक्रम में एआई के संभावित उपयोग पर कार्य करेगा।

————————————————————————

मौसम विभाग ने कहा है कि वातावरण में नमी की मात्रा बढ़ने और स्थानीय करण से अगले सात दिनों तक प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में तेज हवा के साथ बारिश का पूर्वानुमान है। इस दौरान मेघगर्जन, ओलावृष्टि और वज्रपात की भी चेतावनी जारी की गयी है। विभाग ने कहा है कि आज राज्य के उत्तर–मध्य और उत्तर–पश्चिमी हिस्सों में कुछ स्थानों पर तेज हवा के साथ ओलावृष्टि, मेघगर्जन और वज्रपात की आशंका है।

———साउंड बाईट———

————————————————————————

केन्द्र सरकार ने पद्म पुरस्कार–दो हजार सत्ताईस के लिए नामांकन और अनुशंसाएं आमंत्रित की हैं। गृह मंत्रालय ने बताया कि पद्म पुरस्कारों की घोषणा अगले वर्ष गणतंत्र दिवस के अवसर पर की जाएगी। पुरस्कारों के लिए नामांकन की अंतिम तिथि इकतीस जुलाई है। नामांकन और अनुशंसाएं केवल राष्ट्रीय पुरस्कार पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन ही स्वीकार की जाएंगी। मंत्रालय ने कहा कि उसने सभी नागरिकों

से नामांकन या अनुशंसाएं करने का अनुरोध किया है, जिसमें स्व–नामांकन भी शामिल है।

————————————————————————————

प्रदेश में पुलिस को पोस्टमार्टम और इंजरी रिपोर्ट ऑनलाइन मिलने लगी है। क्राइम एंड क्रिमिनल ट्रैकिंग नेटवर्क से पोस्टमॉर्टम और इंजरी रिपोर्ट पोर्टल को जोड़ दिया गया है। हालांकि नालंदा और खगड़िया जिले में अब तक यह सुविधा शुरू नहीं हुई है। अठारह हजार एक सौ इक्यासी पोस्टमॉर्टम और इंजरी रिपोर्ट को ऑनलाइन कर दिया गया है। इनमें सोलह हजार इक्यानवे इंजरी और एक हजार आठ सौ नब्बे पोस्टमार्टम की रिपोर्ट शामिल हैं। पुलिस अब अपनी जरूरत के हिसाब से संबंधित रिपोर्ट को ऑनलाइन प्राप्त कर सकती है।

————————————————————————————

पटना स्थित आईजीआईएमएस के आठ विभागों में रोबोटिक सर्जरी शुरू हो गई। स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय ने आईजीआईएमएस परिसर में एनेस्थीसिया सिमुलेशन लेबोरेट्री और रोबोटिक सर्जिकल सिस्टम सुविधाओं का शुभारंभ किया। श्री पांडेय ने कहा कि इन सुविधाओं के शुरू होने से मरीजों को राज्य में ही अत्याधुनिक स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध होंगी। उन्होंने कहा कि यह चिकित्सा शिक्षा और प्रशिक्षण के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है।

————————————————————————————

प्रदेश में पिछले चौबीस घंटों के दौरान हुये अलग–अलग सड़क हादसों में ग्यारह लोगों की मौत हो गई। जमुई, सुपौल और गया जी में दो–दो और पश्चिम चंपारण, खगड़िया, जहानाबाद, कटिहार गोपालगंज और बक्सर में एक–एक व्यक्ति की मौत हो गई।

————————————————————————————

पटना के अगमकुआं थाना क्षेत्र स्थित बहादुरपुर हाउसिंग कॉलोनी में उत्पाद विभाग की टीम ने एक ऑटो रिक्शा से छह सौ लीटर स्पिरिट बरामद किया है। मौके से चार तस्करों की गिरफ्तारी हुई है।

————————————————————————————

और अब खबरें खेल जगत से...

बीसीए मेंस सीनियर क्रिकेट टूर्नामेंट में कटिहार ने बेगूसराय को रोमांचक मुकाबले में एक विकेट से पराजित करते हुए खिताब अपने नाम कर लिया। पटना के मोइनुलहक स्टेडियम में खेले गये फाइनल मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए बेगूसराय

की टीम अड़तालीस ओवर में दो सौ तीस रनों पर सिमट गयी। जवाब में कटिहार ने उनचास ओवर तीन गेंद में नौ विकेट खोकर जीत हासिल कर ली।

द्वितीय बिहार महिला कबड्डी लीग में मगध वॉरियर्स, सीवान टाइटंस, सारण स्ट्राइकर्स और सीतामढ़ी सेंटिनल्स ने शानदार प्रदर्शन करते हुए सेमीफाइनल में जगह पक्की कर ली है। पटना के पाटलिपुत्र खेल परिसर के इंडोर स्टेडियम में चल रही इस लीग की अंक तालिका में मगध वॉरियर्स पहले स्थान पर बरकरार है।

———————————————————————————

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव की घोषणा से जुड़ी खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

हिन्दुस्तान लिखता है– पांच राज्यों में चुनावी शंखनाद। बंगाल, असम, तमिलनाडु, केरल और पुद्दुचेरी में नौ से उनतीस अप्रैल के बीच मतदान।

दैनिक जागरण की सुर्खी है– राज्यसभा चुनाव में पांचवे प्रत्याशी को लेकर कांटे की टक्कर।

प्रभात खबर ने लिखा है– देश में कम हुआ एलपीजी संकट, पेट्रोल, डीजल और एलपीजी की आपूर्ति पूरी तरह सुरक्षित।

दैनिक भास्कर ने अपनी विशेष रिपोर्ट में लिखा है– बिहार में बिरला ग्रुप की तैयारी, सीमेंट–पेन्ट की तीन फैक्ट्री लगेंगी, बयालीस हजार रोजगार।

राष्ट्रीय सागर के शब्द हैं– फास्टैग के दाम पचहत्तर रूपये बढ़ाये, एक अप्रैल से लागू।

आज अखबार ने लिखा है– नेपाल में बस पलटी, सात भारतीयों की मौत।

———————————————————————————

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. बिहार से राज्यसभा की पांच सीटों के लिए मतदान शुरू। पांचवीं सीट को लेकर कांटे की टक्कर।

02. केन्द्र सरकार ने कहा– देश में पेट्रोल, डीजल और एलपीजी की कोई कमी नहीं है। एलपीजी बुकिंग में आई गिरावट।

03. उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने हड़ताली अंचलाधिकारियों और राजस्व अधिकारियों को चौबीस घंटे के अंदर काम पर वापस लौटने की चेतावनी दी।

04. और, मौसम विभाग ने एक सप्ताह तक प्रदेश के अधिकतर हिस्सों में आंधी, बारिश, वज्रपात और ओलावृष्टि का जारी किया अलर्ट।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।

आकाशवाणी पटना से अगला समाचार बुलेटिन दोपहर दो बजे प्रसारित किया जायेगा। नमस्कार।